सर्कुलर नंबर: LPS/2023-24/31 दिनांक:-11 अगस्त, 2023

अभिवादन

प्रिय अभिभावकों,

आशा करते है कि आप सभी स्वस्थ होंगे l लेबरनम माध्यमिक विद्यालय आपकी और हमारी मज़बूत साझेदारी को बढ़ावा देने में दृढ़ता से विश्वास करता हैं l इसी को ध्यान में रखते हुए, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हमारे विद्यालय में होने जा रहे राष्ट्रीय ध्वजारोहण समारोह के आयोजन के लिए आप सभी को सादर आमंत्रित करता है l इस विशेष व महत्वपूर्ण दिवस को और भी अधिक यादगार बनाने के लिए हम आप सभी अभिभावकों के लिए 'पहले आओ पहले पाओ' पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्राचीन व पारंपरिक खेल एवं आपके बचपन पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने जा रहे है l इसका उद्देश्य यह है कि आधुनिक डिजिटल युग में बच्चों का अत्यधिक समय वीडियो गेम्स आदि के बीच में ही व्यतीत होता जा रहा है और आज इसी विषय को ध्यान में रखते हुए, हम सभी मिलकर राष्ट्रीय ध्वजारोहण के साथ-साथ हमारे बच्चों व अभिभावकों को उस समय का स्मरण करवाना चाहते है, जब प्राकृतिक, पारंपरिक प्राचीन खेलों पर आधारित गतिविधियों का आनंद लिया जाता था l हम सभी मिलकर इस मानवता की महानतम उपलब्धि को स्मरण करने का अवसर प्राप्त कर, इस व्यस्त जीवन शैली से पुन:बचपन के स्वाभाविक दिनों को, जो गाँव के गलियारों में कहीं पीछे छूट गए, उन सभी को प्राचीन खेलों के माध्यम से पुन: जीवंत कर ताज़गी से भरने का प्रयास करते हुए,आप सभी अभिभावकों को इन खेलों में भाग लेने का अवसर प्रदान करना चाहते है l बचपन को जीवंत करने वाले कुछ खेलों का विवरण इस प्रकार है, जो हम इस विशेष अवसर पर आयोजित करवाने जा रहे हैं:-

1. गिल्ली डंडा
2. कंचा (गोली)
3. रस्सा-कस्सी
4. पिट्ठू गरम
5. रस्सी-कूदना
6. लंगड़ी टांग
7. कबड्डी

आप सभी से अनुरोध है, कि नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर आप अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते है l यदि किसी कारणवश आप अपनी भागीदारी खेलों में नहीं देना चाहते, तब भी पंजीकरण फॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि खाने-पीने व अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की जा सके l इस प्रकार रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही विद्यालय में प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाएगी l

लिंक - https://forms.gle/83EWHS2UaAeCcR3Q6

हम आपके साथ इस गर्वपूर्ण और महत्वपूर्ण मौके को साझा करने की आशा करते है कि आप सभी विद्यालय के ध्वजारोहण समारोह में भाग लेते हुए, इसे यादगार बनाएंगे l

आपके साथ स्वतंत्रता के उत्सव को साझा करने की आशा के साथ !
प्रधानाचार्या
लेबरनम माध्यमिक विद्यालय